अक्षर ग्रेड प्रश्न और उत्तर

मुझे अपने बच्चे का रिपोर्ट कार्ड कितने अंतराल पर मिलेगा?

एक वर्ष में 3 औपचारिक रिपोर्टिंग अवधियां होती हैं एक दिसंबर में एक मार्च में तथा एक जून में।

सामान्यतः 2 अभिभावक-शिक्षक बैठकें होती हैं: एक शरत् ऋतु में तथा एक बसंत ऋतु में। कुछ विद्यालय अंतरिम अथवा अनौपचारिक रिपोर्टें भी भेजते हैं।

अभिभावक-शिक्षक (Parent Teacher Conferences)बैठकें क्या होती हैं?

अभिभावक अपने बच्चे की प्रगति के बारे में बातचीत करने के लिए, लक्ष्य निर्धारित करने तथा जानकारी का आदान-प्रदान करने के लिए शिक्षकों से मिलते हैं। अभिभावकों के मन में अपने बच्चे की शिक्षा के बारे में जो भी आशंका हो, उस विषय में वे बात कर सकते हैं।

अभिभावक शिक्षक बैठकें, अभिभावकों को अपने बच्चों की प्रगति के बारे में शिक्षकों से बातचीत करने के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर प्रदान करती हैं।

रिपोर्ट की तिथियों, बैठक की तिथियों तथा अन्य बातों की जानकारी के लिए अपने बच्चे के विद्यालय कैलेण्डर अथवा विद्यालय की पत्रिका से जानकारी लें।

मेरे बच्चे को अक्षर ग्रेड क्यों नहीं मिलते?

- छात्र को अक्षर ग्रेड नहीं प्राप्त होते यदिः
- वे ग्रेड 3 में हो या इससे कम आयु के हों।
- उनकी अंग्रेजी बहुत कमजोर हो।
- वे अपने ग्रेड स्तर में अंग्रेज़ी में विषय-सामग्री की समझ प्रदर्शित नहीं कर पाते हैं।

VSB

“Common Questions About Letter Grades for ESL Students”

[Hindi]

यह ब्रोशर वैनकूवर स्कूल बोर्ड के सैटलमेंट वर्कर्ज़ (VSB SWIS) द्वारा प्रायोजित किये गए कई ब्रोशरों में एक है। इसकी रचना कुछ ई.एस.एल. (ESL/ELL) शिक्षकों तथा वैनकूवर स्कूल बोर्ड के मल्टीकल्चरल लिएजों वर्कर्ज़ (VSB MCLW) ने की है।

Canada | British Columbia | WelcomeBC

यह ब्रोशर कनाडा और ब्रिटिश कोलंबिया प्रांत की सरकार से धन के माध्यम से संभव बनाया गया है।

ई एस एल छात्रों के लिए अक्षर ग्रेड के बारे में कुछ प्रश्न

अक्षर ग्रेड किन्हें दिए जाते होते हैं?

अक्षर ग्रेड उन अधिकांश छात्रों को दिए जाते हैं जो ग्रेड 4 से 12 के बीच होते हैं तथा जो ग्रेड स्तर की आशाओं को पूरा करने में सक्षम हैं।

किन छात्रों को अक्षर ग्रेड नहीं दिए जाते हैं?

किंडरगार्टन से ग्रेड 3 छात्रों को, विशेष कार्यक्रमों के छात्रों तथा शुरूआत करने वाले ई एस एल छात्रों को अक्षर ग्रेड नहीं प्राप्त होते हैं।

ग्रेड 4 से 12 में ई एस एल छात्रों को कौन से ग्रेड दिए जाते हैं?

यदि छात्र ग्रेड स्तर की आशाओं को पूरा करते हैं, तो उन्हें अक्षर ग्रेडः A, B, C+, C, C- या I दिया जाता है। यदि छात्र अभी ग्रेड स्तर की आशाओं को पूरा करने के लिए ही काम कर रहे हैं, तो उन्हें तारक चिन्ह (*), सितारा या N/A (लागू नहीं) दिया जाता है। कार्य करने की आदत के लिए उन्हें G, S अथवा N भी दिया जाता है।

G - अच्छा
S - संतोषजनक
N - सुधार की आवश्यकता है।

प्राथमिक रिपोर्ट कार्डों में प्रायः एक अतिरिक्त ई एस एल रिपोर्ट भी शामिल की जाती है। इसमें अंग्रेज़ी सुनने, बोलने पढ़ने और लिखने की प्रगति दिखाई जाती है।

क्या ई एस एल कक्षाएं लेने से छात्रों को हाई स्कूल पूरा करने या अपनी शिक्षा जारी रखने से वंचित होना होगा?

नहीं, हाई स्कूल को पूरा करने के लिए कोई आयु सीमा नहीं है। अधिकांश शिक्षा बोर्ड वयस्क या बड़ी आयु (19 वर्ष से अधिक) के शिक्षार्थियों के लिए हाई स्कूल पूरा करने के कार्यक्रम चलाते हैं। अगर आप इस बात से चिंतित हैं, तो अपने बच्चे के परामर्शदाता से बात करें।

क्या मेरे बच्चे के लिए यह बेहतर होगा कि वह शीघ्रता से ई एस एल को छोड़े और अपने ग्रेड स्तर पर काम करे?

छात्र जो ई एस एल सहायता प्राप्त करते हैं, तथा मजबूत भाषाई कौशल विकसित करते हैं, वे उनकी अपेक्षा अपने ग्रेड स्तर की कक्षाओं में बेहतर प्रदर्शन करते हैं जो ई एस एल को बहुत जल्दी छोड़ देते हैं।

अनुसंधान दर्शाते हैं कि सफलतापूर्वक अकादमिक कार्य करने के लिए जिस प्रकार की भाषा की आवश्यकता होती है, उसे विकसित करने में 5 वर्ष या अधिक समय लग सकता है।

ई एस एल सहायता को बहुत जल्दी छोड़ देने से छात्र दबाव में आ सकते हैं तथा यह उनकी प्रगति व उपलब्धियों को विलंबित करने लगता है।

ई एस एल सहायता इस प्रकार तैयार की जाती है कि ग्रेड स्तर की कक्षाओं में सफलता के लिए आवश्यक अंग्रेज़ी कौशल की अच्छी नींव सुनिश्चित हो सके।

ई एस एल सहायता के तहत, सारगर्भित भाषा वाले विषयों जैसे गणित, सामाजिक अध्ययन तथा विज्ञान की विशेष भाषा सिखाई जाती है।

अन्य ई एस एल छात्रों के साथ सीखने से हरेक को यह समझने में मदद मिलती है कि अन्य लोगों को भी वैसी ही कठिनाइयों हो रही हैं।

अधिकांश ई एस एल छात्र शारीरिक शिक्षा, कला तथा संगीत जैसे विषयों के लिए ग्रेड स्तर की कक्षाओं में जाते ही हैं। इन कक्षाओं के लिए अंग्रेज़ी की आवश्यकता कम होती है और छात्र अक्सर इनमें अच्छा करते हैं।

मैं अपने बच्चे की किस प्रकार मदद कर सकता (ती) हूं।

- **प्रथम भाषा या घर पर बोली जाने वाली भाषा का विकास करते रहें।**
- **इस बात को समझें कि आपका बच्चा सामाजिक, भावनात्मक तथा अकादमिक रूप से एक विशाल चुनौती का सामना कर रहा है। उसकी सफलता की प्रशंसा करें तथा उसे सहारा दें।**
- **अपने बच्चे के साथ सामुदायिक तथा विद्यालय के कार्यक्रमों में भाग लें।**